आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.11.2025   समय : 1905

- निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से ई सी आई नेट ऐप डाउनलोड करने तथा इसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए अपने सुझाव देने का आह्वान किया है।
- नागर विमानन महानिदेशालय—डीजीसीए ने एयरबस ए 320 श्रृंखला के विमानों की सभी उड़ानों पर तत्काल रोक लगाने के आदेश दिये हैं।
- अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।
- भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के तत्वावधान में, द्वीप समूह में नागरिकों को उनके लंबे समय से लंबित वित्तीय संपत्ति को वापस पाने में मदद करने के लिए रेस्टीट्यूशन कैंप का सफल आयोजन।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से ई सी आई नेट ऐप डाउनलोड करने तथा इसे और अधिक उपयोगकर्ता—अनुकूल बनाने के लिए अपने सुझाव देने का आह्वान किया है। नागरिक अगले महीने की 27 तारीख तक ऐप पर 'सबमिट ए सजेशन' टैब का उपयोग करके ऐसा कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि उपयोगकर्ताओं के सुझावों की जांच की जाएगी तथा प्लेटफ़ॉर्म को और अधिक उपयोगकर्ता—अनुकूल बनाने के लिए इसमें और सुधार किया जाएगा। ईसीआईनेट प्लेटफ़ॉर्म की आधिकारिक शुरुआत जनवरी 2026 में करने की योजना है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि ईसीआईनेट ऐप के परीक्षण संस्करण का उपयोग बिहार विधानसभा चुनाव 2025 और हाल  में हुए उपचुनावों के दौरान किया गया था। इस नए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ने बेहतर मतदाता सेवाएं, मतदान प्रतिशत रुझानों की त्वरित उपलब्धता और मतदान समाप्ति के 72 घंटों के भीतर इंडेक्स कार्ड के प्रकाशन को सक्षम बनाया है, जबकि पहले इसमें कई हफ़्ते या महीने लगते थे। आयोग ने बताया कि बिहार चुनाव से प्राप्त जानकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और क्षेत्रीय अधिकारियों से प्राप्त फीडबैक को प्लेटफ़ॉर्म की कार्यक्षमता को और बेहतर

बनाने के लिए शामिल किया जा रहा है। ईसीआईनेट ऐप नागरिकों के लिए एकल एकीकृत ऐप है जो पहले के 40 अलग–अलग चुनाव संबंधी अनुप्रयोगों और वेबसाइटों को समेकित करता है।

<><><><><><><>

नागर विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने एयरबस ए 320 श्रृंखला के विमानों की सभी उड़ानों पर तत्काल रोक लगाने के आदेश दिये हैं। एयरबस ए318, ए319, ए320 और ए321 विमानों की निर्धारित जाँच और सुधार प्रक्रिया पूरी होने तक विमानन कंपनियां इन विमानों की उड़ानें संचालित नहीं कर सकेंगी। निर्माता कंपनी एयरबस ने दुनिया भर में अपने ए320 बेड़े के हज़ारों विमानों की तत्काल मरम्मत के आदेश दिये है। एयरबस ने ए320 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यह आदेश जारी किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक डॉ. कैलाश चंद्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने भाग लिया और प्रतिभागियों को समुद्री एवं स्थलीय जैव विविधता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। चिड़िया टापू क्षेत्र में अंतर ज्वारीय समुद्री जीव की पहचान को लेकर क्षेत्रीय व्यवहारिक सत्र, जिसे भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिक एवं पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. सी शिवापेरूमन ने संचालित किया। आज भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक डॉ. कैलाश चंद्रा ने सत्र को संबोधित करते हुए "जैव विविधता और पारिस्थितिकीय तंत्र" विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. के सिलाम्बरसम ने भी विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किया। अंटार्कटिकाः ए जर्नी थ्रू एवरलास्टिंग आइस, विषय पर वैज्ञानिक डॉ. शिवापेरूमन ने रोचक प्रस्तुति प्रदान दी। डॉ. कैलाश चंद्रा समुद्र एवं समुद्री संसाधनों के संरक्षण

और सतत उपयोग पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अंडमान–निकोबार की जैव विविधता, समुद्री संसाधनों और संरक्षण प्रयासों के बारे में व्यापक ज्ञान प्राप्त हुआ।

<><><><><><><>

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के तत्वावधान में, केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ने नागरिकों को उनके लंबे समय से लंबित वित्तीय संपत्ति का पता लगाने और उसे वापस पाने में मदद करने के लिए कल एस बी आई मुख्य शाख के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक व्यापक रेस्टीट्यूशन कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर वित्तीय सेवा विभाग द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड जैसे वित्तीय क्षेत्र के नियामकों के समन्वय से शुरू किए गए तीन महीने के जागरूकता सह वितरण अभियान का एक हिस्सा है। इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न वित्तीय संस्थानों में रखी लावारिस बैंक जमा राशि निष्क्रिय बीमा राशि, निष्क्रिय म्यूचुअल फंड और लाभांश आय, लावारिस शेयर और अन्य लावारिस या निष्क्रिय वित्तीय संपत्तियों के निपटान को सुविधाजनक बनाना तथा जन जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में एस बी आई के क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष साहू, आरसेटी के निदेशक सी राज, यू टी एल बी सी के मुख्य प्रबंधक पी के उमर फारूक, भारतीय रिजर्व बैंक के विवेक भारती, एल आई सी इंडिया के सोनू कुमार मंडल और चोला जनरल इंश्योरेंस के उमा शंकर ने भाग लिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रव्यापी अभियान "आपकी पूंजी आपका अधिकार के हिस्से के रूप में 35 दावेदारों को क्लेम सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए। शिविर के दौरान यह सूचित किया गया कि इस वर्ष 31 अगस्त तक द्वीप समूह में डिपॉजिटर्स एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड में चौहत्तर हजार चार सौ सतासी खाते हैं जिनमें चवालीस दशमलव छह नौ करोड़ रुपये की राशि लावारिस पड़ी है, और अभियान अवधि के दौरान चार सौ तिरासी खातों का निपटान किया गया जिसमें 4.78 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी। इस शिविर में नागरिकों, लाभार्थियों और हितधारकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

<><><><><><><>

यू पी एस सी उम्मीदवारों के लिए शिक्षा निदेशालय द्वारा पहला यू पी एस सी सिविल सेवा परीक्षा उन्मुखीकरण कार्यक्रम आज सुबह 9 बजे राज्य पुस्तकालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। शिक्षा निदेशक, विक्रम सिंह ने अपनी प्रस्तुति में उम्मीदवारों को यू पी एस सी परीक्षा संरचना, पाठ्यक्रम और

तैयारी की रणनीतियों का व्यापक अवलोकन प्रदान किया। उन्होंने उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध प्रमुख संसाधनों पर भी प्रकाश डाला और घोषणा की कि चयनित छात्रों के लिए यह उन्मुखीकरण–सह–कोचिंग कार्यक्रम राज्य पुस्तकालय में नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त, तृप्ति कलहंस ने भी शुरुआती उम्मीदवारों के लिए परीक्षा के तरीके के बारे में जानकारी साझा किया। कार्यक्रम में लगभग 120 छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय वायु सेना द्वारा हवाई फायरिंग अभ्यास 1 से 3 दिसम्बर तक सुबह 9 से 11 बजे और दोपहर साढ़े तीन से साढ़े पांच बजे आयोजित किया जाएगा। सभी संबंधित व्यक्तियों को अपने वाहन और पशुधन को अभ्यास क्षेत्र से दूर रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को सुरक्षा उपाय अपनाने की चेतावनी दी है।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों से सेल्युलर जेल में चलने वाले ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम आज से अगली सूचना तक पर्यटको के लिए बन्द रहेगा।

<><><><><><><>